शासन द्वारा मान्यता प्राप्त ॥ संघे शक्ति कलयुगे ॥ पंजीयन क्र.03473/1

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ

**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893765595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

**धर्मेन्द्र शर्मा**
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
268, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-61455, 76930-61455
Email : dharmendra4528@gmail.com

क्रमांक 386/पट. संघ/2026 दिनांक 07/08/2026

प्रति,

समस्त जिलाध्यक्ष
मध्यप्रदेश पटवारी संघ
भोपाल मध्यप्रदेश।

विषय :- **मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल की प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित करने बाबत सूचना।**

उपरोक्त विषय में लेख है कि मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल की प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल विगत 03 अगस्त 2026 से जारी थी। जिसके निराकरण के संबंध में माननीय राजस्व मंत्री जी तथा श्रीमान प्रमुख सचिव राजस्व महोदय, श्रीमान सचिव राजस्व एवं श्रीमान आयुक्त महोदय से लगातार 03 बार प्रतिनिधि मंडल की चर्चा जारी रही। जिसके सकारात्मक परिणाम 02 आदेश के रूप में प्राप्त है हुए।

इसी तारतम्य में दिनांक 06/08/2026 को मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल के आंदोलन संचालन समिति, जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक भोपाल स्थित पटवारी संघ के कार्यालय में आयोजित की गई थी। जिसके पश्चात सभी के द्वारा श्रीमान पीएस रेवेन्यू सर, श्रीमान सचिव राजस्व एवं श्रीमान आयुक्त महोदय के साथ पी आर सी भवन भोपाल स्थित कार्यालय में बेहद लंबी चर्चा समक्ष में की गई। जिसमें सभी उपस्थित जिलाध्यक्ष, संचालन समिति एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित सम्पूर्ण बैठक कक्ष भरा होकर 70 से अधिक पटवारी साथी कक्ष में उपस्थित थे। जिसमें सभी की उपस्थिति में बैठक लगभग 03 घंटे से भी अधिक समय तक चली। जिसमें सभी मुद्दों पर सभी उपस्थित जिलाध्यक्षो, संचालन समिति एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के सभी सवालों पर शासन की ओर से राजस्व अधिकारियों द्वारा जवाब दिए।

**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893755595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

**धर्मेन्द्र शर्मा**
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
268, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-51455, 76930-51455
Email : dharmendra4528@gmail.com

जिसमें बताया कि आपकी चार प्रमुख मांगों का निराकरण कर दिया गया है। जिसमें 02 मांगों में आदेश प्रसारित कर दिए तथा 02 मांगें जिनमें विभागीय नायब तहसीलदार परीक्षा का भी विधिवत प्रकाशन जारी किया जा चुका है। इसी प्रकार संघ के पदाधिकारियों के स्थानांतरण के संबंध में प्राप्त सूची का वो निराकरण कर देंगे। इसके अतिरिक्त भी कई अन्य मांग जैसे विगत कई वर्षों से लंबित पटवारी विभागीय परीक्षा की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है। जिसके आदेश आज या कल में प्रसारित कर दिए जाएंगे। नवीन पटवारी साथियों के वेतनमान 70-80-90 पर चर्चा करने पर बताया कि किसी अन्य विभाग में 100 प्रतिशत वेतन का आदेश प्रसारित होगा तो हम भी सभी नवीन पटवारियों हेतु आदेश जारी करेंगे। इसके अतिरिक्त भी अन्य कई मांगों पर सकारात्मक दृष्टिकोण से निराकरण हेतु राजस्व अधिकारियों ने आश्वस्त किया।

अंत में सबसे महत्वपूर्ण मांग कैडर रिव्यू पर चर्चा करने पर बताया कि उक्त मांग को लेकर पूर्व में भी पटवारी संघ की मांग के आधार पर वेतनमान संबंधित फाइलें चली थी, किंतु अक्सर राजस्व विभाग, वित्त एवं सामान्य प्रशासन विभाग की बेहद लंबी प्रक्रिया के कारण एवं संभवतः उचित समंवय के अभाव में निराकरण से शेष रह जाती थी। किंतु इस बार इसके त्वरित निराकरण हेतु पहल करने के लिए श्रीमान मुख्य सचिव महोदय मध्यप्रदेश प्रदेश शासन द्वारा उक्त तीनों विभाग राजस्व, वित्त एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर उनका आगामी 03 माह की समयावधि में सुनिश्चित समय में निराकारण किया जाएगा। जिसका आदेश भी संभवतः आज जारी हो जाएगा।

अतः इस बैठक में उपस्थित सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा उपरांत जिलाध्यक्ष, संचालन समिति एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों में से मात्र 02 जिलाध्यक्ष महोदय द्वारा असहमति तथा समस्त पदाधिकारियों द्वारा आंदोलन स्थगित करने हेतु सहमति दी गई। बैठक के अंत में मेरे द्वारा उक्त हड़ताल अवधि के वेतन को कार्य दिवस की अवधि मानते हुए आदेश प्रसारित करने हेतु निवेदन किया गया। जिसे उनके द्वारा स्वीकारोक्ति प्रदान की गई। उक्त सभी बातों पर उपस्थित जिलाध्यक्ष, संघर्ष समिति, पदाधिकारी और पटवारी के द्वारा जो बहुमत के आधार पर सहमति का निर्णय लिया गया। इसी आंदोलन के तारतम्य में आज दिनांक 07/08/2026 को माननीय मुख्यमंत्री व्यस्त कार्यक्रम के दौरान पटवारी संघ के प्रांताध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को समय प्रदान करते हुए ये आश्वस्त किया की आपकी

**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893765595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

**धर्मेन्द्र शर्मा**
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
268, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-51455, 76930-51455
Email : dharmendra4528@gmail.com

न्यायोचित मांगों का उचित निराकरण होगा तथा पटवारी महासम्मेलन हेतु मुख्यमंत्री कार्यालय से दिनांक उपलब्ध कराने का आश्वस्त किया। इसके अतिरिक्त माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा समस्त जिलों के प्रभारी मंत्री महोदय को भी पटवारियों की समस्यायों को सुनकर उनके निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त समस्त आधार पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय के जन विश्वास अभियान तथा इस अभियान से जुड़े अपने किसान भाईयों के हितों को ध्यान में रखते हुए, हमारे श्रीमान पीएस रेवेन्यू महोदय के द्वारा दी गई 03 माह की निर्धारित अवधि तक हमारा उक्त आंदोलन स्थगित करने का निर्णय पदाधिकारियों की सहमति से लिया गया। उसे मै भी मानता हूं और आशा ही नहीं मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह आंदोलन हमारा सफल हुआ है। जो शासन द्वारा 3 महीने में आदेश का आश्वासन दिया है उस पर हमें भरोसा है। इसलिए असंतुष्ट पटवारी साथी कृपा कर 3 महीने और हम पर भरोसा करने का कष्ट करे। अंत में इस आंदोलन में भाग लेने एवं सफल बनाने हेतु मैं प्रदेश के समस्त पटवारी एवं पदाधिकारियों के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूं और आशा करता हूं कि आप सभी पूर्व की तरह हमेशा मेरे और संघ के साथ रहेंगे।

इसी आशा और विश्वास के साथ....

**संलग्न :- प्रसारित आदेश की प्रति एवं फोटो**

**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
**प्रांताध्यक्ष**
**मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल**

**मध्यप्रदेश शासन**

**राजस्व विभाग**

**मंत्रालय, वल्लभ भवन, 462004**

क्रमांक...604.../स्टेनो/2026 भोपाल दिनांक 03.08.2026

प्रति,

**कलेक्टर**

**समस्त जिला**

**मध्यप्रदेश**

विषयः- पटवारियों के विरूद्ध की जाने वाली प्रथम सूचना रिपोर्ट के पूर्व प्रारंभिक परीक्षण किये जाने के संबंध में।

संदर्भः- म.प्र. पटवारी संघ का ज्ञापन क्र. 370/पट.संघ/2026 दिनांक 20.07.2026

-0-

विषयांतर्गत मध्यप्रदेश पटवारी संघ द्वारा अपने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है कि प्रायः यह देखा जा रहा है कि वसीयत एवं अन्य राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों में पटवारी केवल प्रतिवेदन देता है, उक्त प्रतिवेदन के फलस्वरूप गुणदोषों पर निर्णय लिया जाता है, लेकिन कुछ मामलों में पटवारी पर सीधे FIR की गई है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में पटवारियों द्वारा राजस्व न्यायालयों में प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदनों के आधार पर FIR दर्ज कराने का यदि कोई प्रश्न उद्भूत होता है, तो प्रथमतः इसका प्रारंभिक परीक्षण कराया जाये, तत्पश्चात ही अग्रिम कार्यवाही की जाये।

Digitally signed by
Eathakota Ramesh Kumar
Date: 02-08-2026
14:58:41

(डॉ. ई रमेश कुमार)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक...605.../स्टेनो/2026 भोपाल दिनांक 03.08.2026

प्रतिलिपि-

· समस्त संभागायुक्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।

प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

**मध्यप्रदेश शासन**

**राजस्व विभाग**

**मंत्रालय, वल्लभ भवन, 462004**

क्रमांक 854/स्टेनो/2026 भोपाल दिनांक 02.08.2026

प्रति,

कलेक्टर

समस्त जिला

मध्यप्रदेश

विषय:- योजनाओं के क्रियान्ययन हेतु राजस्य अमले को लंबित राशि के भुगतान बाबत्।

संदर्भ:- म.प्र. पटवारी संघ का ज्ञापन क्रमांक 370/पट.संघ/2026 दिनांक 20.07.2026

-0-

राजस्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, परंतु संज्ञान में आया है कि राजस्य विभाग के मैदानी अमले को उनके द्वारा किये गये कार्य के संबंध में राशि समय पर प्राप्त नहीं हो रही है। उक्त के संबंध में निम्न योजना/कार्य के विषय में कार्यवाही अपेक्षित है।

1. स्वामित्व योजना योजनांतर्गत आबादी भूमि के सर्वे उपरांत अधिकार अभिलेख तैयार किया गया है। योजनांतर्गत ग्रामों में सर्वे उपरांत प्रारंभिक प्रकाशन, दावा/आपति आमंत्रण, अंतिम प्रकाशन हेतु प्रिंटिंग तथा स्टेशनरी व्यय आदि हेतु राजस्य के मैदानी अमले द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की गई है, परंतु कुछ जिलों में राजस्य विभाग के मैदानी अमले को अभिलेख निर्माण के संबंध में व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु नियत राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। योजनांतर्गत मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग के निर्देश दिनांक 07/07/2020 के संलग्न परिशिष्टः 03 में राशि रूपये 7500/- का प्रावधान है। उक्त व्यय की पूर्ति पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा किये जाने के निर्देश हैं। निर्देशों के अनुक्रम में अभिलेख निर्माण आदि हेतु व्यय की प्रतिपूति हेतु संबंधित विभाग से समन्यव कर राजस्य विभाग के मैदानी अमले को यथाशीघ्र लंबित राशि का भुगतान सुनिश्चित कराया जाये।

2. भारत सरकार द्वारा 11वीं कृषि संगणना वर्ष 2020-21 के संबंध में जारी गाईडलाईन में कृषि संगणना का मानदेय नियत है। इसी प्रकार से छठी लघु सिंचाई गणना वर्ष 2017-18 के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी गाईडलाईन में मानदेय निर्धारित किया गया है, किन्तु राजस्य विभाग के मैदानी अमले को भुगतान समय पर प्राप्त नहीं हुआ है। नियत राशि/मानदेय के लंबित राशि के संबंध में किसान कल्याण तथा कृषि विभाग से समन्यय स्थापित कर गाईडलाईन अनुसार भुगतान की कार्यवाही यथाशीघ्र सुनिश्चित करायी जाये।

Digitally signed by
Eathakota Ramesh Kumar
Date: 02-08-2026
15:03:27

(डॉ. ई रमेश कुमार)

प्रमुख सचिव

मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल
(मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग)
चयन भवन, चिनार पार्क (ईस्ट), मेन रोड नं.1, भोपाल – 462011

**वर्ष 2026 में अगस्त माह से आयोजित/विज्ञाप्ति की जाने वाली संभावित परीक्षाओं का विवरण** ~~(संशोधित~~

(संशोधित) Dated 5/8/26 अद्यतन दिनांक 05.08.2026

| क्र. | परीक्षा का नाम | अनुमानित पद संख्या | संभावित परीक्षा माह कैलेण्डर अनुसार |
|---|---|---|---|
| 1. | समूह-2 उपसमूह-1 के अंतर्गत कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा-2026 | 2784 | सितंबर-2026 |
| 2. | समूह-02 उपसमूह-04 के अंतर्गत खण्ड पंचायत अधिकारी, संचालन समन्वय अधिकारी, सहायक संपरीक्षक एवं अन्य समकक्ष पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा-2026 | 2299 | सितंबर-2026 |
| 3. | समूह-03 के अंतर्गत उपयंत्री, मानचित्रकार, प्रयोगशाला तकनीशियन एवं अन्य समकक्ष पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा-2026 | 700 | सितंबर/अक्टूबर - 2026 |
| 4. | सूबेदार/उपनिरीक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा-2026 | 507 | सितंबर/अक्टूबर -2026 |
| 5. | प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 (सेवारत शिक्षकों के लिए) | पात्रता परीक्षा | सितंबर/अक्टूबर -2026 |
| 6. | सूबेदार (अनुसचिवीय) शीघ्रलेखक एवं सहायक उपनिरीक्षक (अनुसचिवीय) भर्ती परीक्षा-2026 | 566 | अक्टूबर/ नवंबर -2026 |
| 7. | पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा-2026 | 7500 | अक्टूबर/ नवंबर -2026 |
| 8. | पुलिस आरक्षक (चालक) भर्ती परीक्षा-2026 | 1000 | नवंबर -2026 |
| 9. | नायब तहसीलदार विभागीय परीक्षा भर्ती परीक्षा-2026 | 73 | नवंबर/दिसंबर -2026 |
| 10. | पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक भर्ती परीक्षा-2026 | 2900 | नवंबर/दिसंबर -2026 |
| 11. | संस्कृति संचालनालय अंतर्गत संचालित शासकीय संगीत एवं ललित कला महाविद्यालयों के रिक्त पदों की भर्ती परीक्षा-2026 | 33 | दिसंबर -2026 |
| 12. | समूह-6 उपसमूह-1 भर्ती परीक्षा-2026 | 700 | दिसंबर -2026 |

**नोट:-अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर परीक्षाओं की तिथि/माह का अंतिम निर्धारण किया जायेगा।**


मध्यप्रदेश शासन
प्रमुख राजस्व आयुक्त
मध्यप्रदेश

